ऑस्ट्रेलिया में गैर-नागरिकों को सशस्त्र बलों में शामिल होने की अनुमति

[स्रोत: द हिंदू](#)

ऑस्ट्रेलिया जुलाई 2024 से उन **गैर-नागरिक स्थायी निवासियों** को ऑस्ट्रेलियाई सशस्त्र बलों में शामिल होने की अनुमति देगा जो कम-से-कम 12 महीने से ऑस्ट्रेलिया में रह रहे हैं।

- इसका उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया का अपनी सेना के भर्ती लक्ष्य को प्राप्त करना है।
- फाइव आईज़ देशों (Five Eyes Countries) के नागरिकों को इसमें शामिल होने के लिये प्राथमिकता दी जाएगी।
    - **फाइव आईज़** एक **खुफिया गठबंधन** है जिसमें **ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका** शामिल हैं।
    - ये देश बहुपक्षीय UK-USA समझौते के पक्ष में हैं।
- **चीन से बढ़ते खतरे** तथा वर्तमान में लगभग 90,000 रक्षा कार्मिकों की संख्या को बढ़ाकर ऑस्ट्रेलिया अपनी **सेना को मज़बूत** करना चाहता है।

//

और पढ़ें: भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/australia-opens-armed-forces-to-non-citizens